संख्या- 88/2024/1471/छप्पन-2024-31/2016(Road)टी0सी0-1

प्रेषक,

अभिनव कुमार चौरसिया,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 08 अक्टूबर, 2024

विषय: नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के कार्यों एवं कार्गो हब हेतु पूर्वी एवं उत्तरी दिशा से कनेक्टिविटी हेतु 30 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली भूमि के सापेक्ष धनराशि उपलब्ध कराए जाने (TOR) की धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक 129/ए0एफ0-2024-116/2016 दिनांक 07 अगस्त, 2024 एवं पत्रांक 160/ए0एफ0-2024-116/2016 दिनांक 05 सितम्बर, 2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कलैक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0अ0), गौतमबुद्धनगर के पत्र संख्या 1443/आठ-अ0जि0अ0(भू0अ0)/य0ए0/गौतमबुद्धनगर दिनांक 04 जुलाई, 2024 के क्रम में नोडल अधिकरण यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के कार्यों एवं कार्गो हब हेतु पूर्वी एवं उत्तरी दिशा से कनेक्टिविटी हेतु 30 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली भूमि के लिए TOR की धनराशि रू0 10,38,400/- (रूपए दस लाख अड़तीस हजार चार सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.5% के अनुसार धनराशि रू0 3,89,400/- (रूपए तीन लाख नवासी हजार चार सौ मात्र) की वित्तीय स्वीकृति कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने की स्वीकृति प्रदान करने तथा आनलाइन बजट एलाटमेंट सिस्टम के माध्यम से बजट भी आवंटित करने का अनुरोध शासन से किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-62/2024/1011/छप्पन-2024-31/2016(Road) दिनांक 07 अगस्त, 2024 द्वारा नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट को पूर्वी एवं उत्तरी कनेक्टिविटी दिए जाने हेतु एयरपोर्ट के उत्तरी छोर अर्थात् H-E-D1-C तक 30 मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण कराए जाने हेतु भूमि अर्जन की अनुमानित धनराशि रू0 23,21,28,000/- (रूपए तेईस करोड़ इक्कीस लाख अट्ठाईस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.5% के अनुसार धनराशि रू0 8,70,48,000/- (रूपए आठ करोड़ सत्तर लाख अड़तालीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-2025 में व्यय की अनुमति सहित कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने के आदेश निर्गत किया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि नोडल अधिकरण यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के कार्यों एवं कार्गो हब हेतु पूर्वी एवं उत्तरी दिशा से कनेक्टिविटी हेतु 30 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली भूमि के लिए TOR की धनराशि रू0 10,38,400/- (रूपए दस लाख अड़तीस हजार चार सौ मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए NIAL में राज्य सरकार की अंशधारिता 37.5% के अनुसार धनराशि रू0 3,89,400/- (रूपए तीन लाख नवासी हजार चार सौ मात्र) वर्तमान चालू वित्तीय

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

वर्ष 2024-2025 में व्यय की अनुमति सहित कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैं:-

(1) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा प्रस्तावित धनराशि को आहरित कर किसी बैंक खाते में नहीं रखा जायेगा। अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकतानुसार एवं नियमानुसार किया जायेगा।

(2) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रायोजना का सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य कराया जाएगा। कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों की जिम्मेदारी निदेशक, नागरिक उड्डयन की होगी।

(3) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रश्नगत कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित नहीं है तथा इस हेतु पूर्व में किसी अन्य योजना/स्रोत से धनराशि स्वीकृति नहीं की गई है।

(4) बजट प्रावधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व निदेशक, नागरिक उड्डयन का होगा।

(5) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रश्नगत वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य/मद हेतु की जा रही है, उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य/मद हेतु किया जाएगा।

(6) निदेशक, नागरिक उड्डयन यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रस्तावित कार्यों की द्विरावृत्ति नहीं हो रही है।

(7) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप दिनांक 04 मार्च, 2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(8) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के कार्यों एवं कार्गो हब हेतु पूर्वी एवं उत्तरी दिशा से कनेक्टिविटी हेतु 30 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण हेतु अर्जित की जाने वाली भूमि के लिए TOR की धनराशि रू0 10,38,400/- (रूपए दस लाख अड़तीस हजार चार सौ मात्र) में से NIAL के शेष अंशधारकों यथा- नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा भी अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर को उपलब्ध कराई जाएगी।

4- उक्त स्वीकृत धनराशि रू0 3,89,400/- (रूपए तीन लाख नवासी हजार चार सौ मात्र) निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा तत्काल आवंटित कर कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निर्वतन पर रखी जाएगी। कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर द्वारा यथा आवश्यकता समय-समय पर सम्बन्धित पक्षों को नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

5- उक्त धनराशि वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-38 के अधीन पूंजी लेखा लेखा शीर्ष ''5053-नागर विमानन पर पूंजीगत परिव्यय-02-विमानपत्तन-800-अन्य व्यय-21-जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की स्थापना-60-भूमि क्रय'' से वहन की जाएगी।

6- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या: E-7-114-X-2024-25 दिनांक 30 सितम्बर, 2024 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या-88/2024/1471(1)/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), प्रथम, उ0प्र0, प्रयागराज।

2- उप महालेखाकार/ई0एस0-।।।, आडिट भवन, टीसी-35-वी-1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-10

3- मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/ग्रेटर नॉएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण/यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे सन्दर्भगत प्रकरण में वांछित धनराशि रू0 10,38,400/- (रूपए दस लाख अड़तीस हजार चार सौ मात्र) में से NIAL में अपनी-अपनी अंशधारिता के अनुसार धनराशि कलैक्टर, गौतमबुद्धनगर के निवर्तन पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4- आयुक्त, मेरठ मण्डल, मेरठ।

5- जिलाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ/ मुख्य कोषाधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

7- कलैक्टर/अपर जिलाधिकारी(भू0अ0), गौतमबुद्धनगर।

8- विशेष कार्याधिकारी (श्री शैलेन्द्र कुमार भाटिया), नॉएडा इन्टरनेशनल एयरपोर्ट लि0/नोडल अधिकारी, जेवर एयरपोर्ट, गौतमबुद्धनगर।

9- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7/राजस्व अनुभाग-13.

10- समीक्षा अधिकारी (बजट)/गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।